राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से महाधिवक्ता की मुलाकात

जयपुर, 01 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में महाधिवक्ता श्री एम. एस. सिंघवी ने मुलाकात की।

राज्यपाल से कुलपति मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अश्वनी कुमार बंसल और कोटा विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती नीलिमा सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र ने कुलपतियों से उनके विश्वविद्यालयों की जानकारी ली।

राज्यपाल श्री मिश्र से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री उमेश शर्मा ने भी मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की गवार्निंग बॉडी के सदस्य श्री अशोक शर्मा और श्री राजा भारद्वाज ने मुलाकात कर केन्द्र की गतिविधियों पर चर्चा की।

राज्यपाल मिर्जापुर जायेंगे – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार 2 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जयपुर से राजकीय वायुयान द्वारा मिर्जापुर जायेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र मिर्जापुर में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर आयोजित स्वच्छ भारत– स्वस्थ भारत समारोह में भाग लेगे। राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार को सांय 7 बजे जयपुर लौट आयेंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहा. निदेशक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान